pib.nic.in

mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)

भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, अग्रहायण 10, 1945
शुक्रवार, दिसंबर 01, 2023

आत्मनिर्भर भारत: आईडेक्स-डीआईओ ने उन्नत गैलियम नाइट्राइड सेमीकंडक्टर्स के डिजाइन और विकास के आला क्षेत्र में रक्षा नवाचार के लिए 300वें अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

रक्षा उत्पादन विभाग की प्रमुख पहल रक्षा उत्कृष्टता नवाचार (आईडेक्स) अपने 300वें अनुबंध पर हस्ताक्षर के साथ एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। यह अनुबंध उन्नत गैलियम नाइट्राइड सेमीकंडक्टर्स के डिजाइन और विकास से संबंधित है जो रडार से लेकर ईडब्ल्यू जैमर तक रक्षा अनुप्रयोगों में आधुनिक वायरलेस ट्रांसमीटरों के लिए आवश्यक है। वर्तमान में लगभग सभी GaN घटकों का आयात किया जाता है। GaN एक संवेदनशील और अत्याधुनिक तकनीक है इसीलिए कई देशों द्वारा इसका निर्यात नियंत्रित और प्रतिबंधित है। प्रस्ताव का उद्देश्य पूर्णतः स्वदेशी GaN प्रौद्योगिकी का उपयोग कर भारत में रक्षा के लिए GaN घटकों का डिजाइन, विकास और निर्माण करना है। यह कदम स्वदेशी डिजाइन और विकास क्षमता में काफी वृद्धि करेगा।

रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरामाने और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ सिविल व सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में 01 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में संयुक्त सचिव (रक्षा उद्योग उत्पादन) और अतिरिक्त सीईओ/डीआईओ श्री टी नटराजन ने एजीएनआईटी सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह उपलब्धि आईडेक्स

ने 15 फरवरी, 2023 को स्प्रिंट पहल के तहत लॉन्च किए गए भारतीय नौसेना प्राइम चैलेंज के विजेता के साथ अपने 200 वें अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के नौ महीने के अंदर प्राप्त की है। आईडेक्स के 150 वें अनुबंध पर दिसंबर 2022 में हस्ताक्षर किए गए थे।

रक्षा सचिव ने अपने संबोधन में अन्वेषकों की सफलता को सराहा तथा स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के त्वरित विकास की आवश्यकता को दोहराया। उन्होंने 300वें अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए आईडेक्स की सराहना की और अधिकारियों से कहा कि वे रक्षा क्षेत्र के साथ इनोवेटर्स को प्रभावशाली गति से जोड़ते रहें।

'मेक इन इंडिया' पहल के तहत और इनोवेटर्स के लिए आईडेक्स एक 'खरीद का मार्ग' होने की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, बीईएल ने आईडेक्स विजेता मैसर्स ब्लर्गस इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ उनके समाधान ट्राइडेंट के लिए एक खरीद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ट्राइडेंट एक बुद्धिमान समुद्री डोमेन जागरूकता उपकरण है जिसे समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह समाधान असंगत पहचान पर भरोसा करके बेहतर समुद्री डोमेन जागरूकता बनाने में सहायता करता है और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करेगा। यह आईडेक्स योजना के तहत रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा दिया गया पहला खरीद आदेश है।

प्रधानमंत्री ने 2018 में आईडेक्स फ्रेमवर्क की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में सह-निर्माण और सह-विकास का एक मंच प्रदान करना, स्टार्ट-अप को संलग्न करना और देश में स्थापित रक्षा व एयरोस्पेस को विकसित करना है। आईडेक्स को रक्षा उत्पादन विभाग के तहत स्थापित रक्षा नवाचार संगठन (डीआईओ) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

आईडेक्स को वर्ष 2021 में नवाचार श्रेणी के अंतर्गत सार्वजनिक नीति के लिए प्रतिष्ठित प्रधान मंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। थोड़े ही समय में आईडेक्स अपने प्रमुख कार्यक्रमों जैसे डिस्क, प्राइम और ओपन चैलेंजेस (ओसी) के माध्यम से रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरा है। आईडेक्स आवश्यक गति बनाने

और रक्षा क्षेत्र में स्टार्ट-अप का महत्वपूर्ण स्थान उत्पन्न करने में सक्षम रहा है। यह हजारों नौकरियां पैदा करने और भारतीय प्रतिभा को देश में वापस आकर्षित करने में भी सक्षम रहा है।

एबीबी/एसएस